दैनिक जागरण
Bareilly, Wednesday, 17 April 2024
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12
Published from BAREILLY • Agra • Dehradun • Gorakhpur • Jamshedpur • Kanpur • Lucknow • Meerut • Patna • Prayagraj • Ranchi • Varanasi
inext

PAGE NO : 02 MIDDLE

मिशन एकेडमी और विद्या वर्ल्ड में होगी फाइनल जंग

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (16 April): एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित पंचम श्रीराम मूर्ति मैमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को दोनों सेमी फाइनल मैच खेले गए. पहले सेमी फाइनल में मिशन एकेडमी ने सेंट फ्रांसिस की टीम को 139 रन से और दूसरे सेमी फाइनल में विद्या वर्ल्ड ने डीपीएस को 172 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया. दोनों के बीच टूर्नामेंट का अंतिम मुकाबला गुरुवार को सुबह 9.30 बजे खेला जाएगा. पहले सेमी फाइनल में 18 चौकों और 1 छक्के की मदद से 63 गेंदों पर 120 रन बनाने और सेंट फ्रांसिस के तीन विकेट लेने वाले मिशन एकेडमी के कप्तान असद को मैन आफ द मैच चुना गया. दूसरे सेमी फाइनल में 33 रन बनाने के साथ ही डीपीएस के तीन विकेट लेने वाले विद्या वर्ल्ड के आल राउंडर दक्ष चंदेल मैन आफ द मैच बने.

मैच जीतने के बाद उत्साहित टीम.

मिशन ने जीता टॉस

एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में श्रीराम मूर्ति मैमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला सेमी फाइनल और टूर्नामेंट का 13वां मैच सेंट फ्रांसिस कांवेंट और मिशन एकेडमी के बीच खेला गया. मिशन के कप्तान असद नदफ ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. कप्तान असद (120 रन, 63 गेंद, 18 चौके, 1 छक्का) ने नाबाद रहते हुए इसे सही भी साबित किया. मिशन की टीम ने 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 258 रन बनाए. जवाब में सेंट फ्रांसिस की टीम 17 ओवर में 119 रन बना कर पैवेलियन लौट गई. फलस्वरूप मिशन एकेडमी ने 139 रन से सेंट फ्रांसिस को हरा कर फाइनल में स्थान पक्का किया. कुश के बाद सर्वाधिक रन एक्स्ट्रा के रूप में मिले, इन 23 रनों ने सेंट फ्रांसिस के स्कोर में इजाफा किया.

172 रन बनाए

बरेली क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त श्रीराम मूर्ति मैमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का 14वां मैच और दूसरा सेमी फाइनल मैच विद्या वर्ल्ड और डीपीएस के बीच खेला गया. विद्या वर्ल्ड के कप्तान अमन कुमार ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. बल्लेबाजों ने तीन विकेट के नुकसान पर 215 रन बना कर इसे सही साबित किया. जवाब में डीपीएस के सभी खिलाड़ियों ने 12.5 ओवर में 43 रनों पर विद्या वर्ल्ड के गेंदबाजों के आगे घुटने टेक दिए.